Prepp

Practice, Learn and Achieve
Your Goal with Prepp


# UP Police Exam

## Previous Year Paper

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in



# भाग 1 सामान्य हिन्दी

1. छाया है माथे पर आशीर्वाद-सा पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानें।
(a) पुनरुक्ति (b) अनुप्रास (c) उपमा (d) श्लेष

2. छोटा ········ कितना अक्खड़ है, बड़ा भाई उतना ही ······ , दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) भाई, मंथर (b) भाई, मंदर
(c) भाई, भद्र (d) भाई, मंद्र

3. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध नहीं है, पहचानिए।
(a) हमारे जीवन में सोच विचार का बहुत महत्त्व होता है
(b) मन बंदर की भाँति होता है, सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर छलांग लगाता है
(c) आप फल आहार से अपनी आँते साफ कर सकते हैं
(d) एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है

4. 'गौ' से का सामान्य बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?
(a) गौआओं से (b) गौ से (c) गायों से (d) गौओं से

5. गंगा क्यों टेढ़ी चलती हो, दुष्टों को शिव कर देती हो इस वाक्य में कौन-सा अलंकार है?
(a) व्याज निन्दा अलंकार (b) व्याज स्तुति अलंकार
(c) विभावना अलंकार (d) विशेषोक्ति अलंकार

6. दिए गए विकल्पों में से मंतव्य का समानार्थी शब्द चुनिए।
(a) सुमति (b) मत्दवैध (c) कुमति (d) सम्मति

7. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए।
(a) विश्वानाथ अपने परिवारियों के साथ किसी महानगर में एक छोटे तंग मकान में रहता है
(b) यदि हमें जीवन में कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए
(c) कई सालों से निर्मला के मन में तीर्थयात्राओं की बड़ी लालसा थी
(d) गर्मी की उमस होने के बाद वर्षा शुरू होने को हुई

8. निम्न वाक्यो में त्रुटि का चयन करें।
जीवन और मरन विधाता के हाथ में है
(a) के हाथ (b) विधाता (c) जीवन और मरन (d) में है

9. हिन्दी न फारसी, लालजी की ········ सही विकल्प का चयन कर, इस लोकोक्ति को पूरा करें।
(a) आलसी (b) हुलासी
(c) बनारसी (d) मशालची

10. निम्नलिखित में से कौन पद्मश्री प्राप्त कथाकार है?
(a) हरिशंकर परसाई (b) महादेवी वर्मा
(c) मालती जोशी (d) डॉ० विद्यानिवास मिश्र

11. जिस तरह मजबूत इमारतों के लिए मजबूत ········ की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह सफलता के लिए भी साफ ········ की जरूरत होती है।, दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।
(a) बुनियाद, नजरिये (b) कारीगर, प्रतिष्ठान
(c) ईंट, बुनियाद (d) जड़, विचार

12. निम्न में से सही शब्द चुनें।
(a) आदर्श (b) आर्दश
(c) आदरस (d) आदर्शा

13. दिए गए विकल्पों में से सखा का समानार्थी शब्द चुनिए।
(a) सुखी (b) सूखा (c) मित्र (d) सखी

14. आटे में थोड़ा नमक डाले वाक्य में प्रयुक्त व्याकरण पहचानें।
(a) संकेत वाचक (b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) प्रत्येक बोध वाचक (d) अनिश्चित परिमाणवाचक

15. चादर का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?
(a) चादर-चादर (b) चदराओं
(c) चादरों (d) चादरें

16. अप उपसर्ग दिए गए विकल्पों में से किसके साथ प्रयुक्त हो सकता है?
(a) जय (b) राम (c) मान (d) रण

17. दिए हुए में से कौन-सा विकल्प घड़ियाँ गिनना का अर्थ दर्शाता है?
(a) बहुत बेचैनी से इंतजार करना (b) अधिक बीमार होना
(c) बहुत कमजोर होना (d) मृत्यु का समय दूर होता

18. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा क्रूर का विरुद्धार्थी शब्द दर्शाता है?
(a) सबल (b) दयालु (c) अच्छा (d) बदन

19. दिए गए विकल्पों में से पंडित का स्त्रीलिंग कौन-सा है?
(a) पंडीती (b) पंडिताइन (c) पंडितपत्नी (d) पंडिति

20. मैंने आम खा लिया है, वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानें।
(a) अपूर्ण भूतकाल (b) हेतुहेतुमद भूतकाल
(c) आसन्न भूत (d) पूर्ण भूतकाल

21. दिए गए विकल्पों में से मनोहर का समानार्थी शब्द चुनिए।
(a) दिलचस्प (b) दासता
(c) रोचक (d) सुहावना

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**22. दिए गए विकल्पों में से पराजय एवं माला का एक समानार्थी शब्द क्या है?**
(a) जीत (b) हार (c) माला (d) जय

**23. हरीक सी समीर माला जप पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानें।**
(a) अनुप्रास (b) उपमा (c) उत्प्रेक्षा (d) यमक

**24. दिए गए विक्ल्पों में से कौन-सा विकल्प अपकर्ष का विरुद्धार्थी शब्द दर्शाता है?**
(a) चालक (b) उत्कर्ष (c) अपकर्ष (d) स्थिर

**25. दिए गए विकल्पों में से विधुर का स्त्रीलिंग कौन-सा है?**
(a) विधुराइन (b) विधुरी (c) विधवा (d) विधुरनी

**26. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध नहीं है, पहचानिए।**
(a) कभी-कभी सिर्फ एक शब्द, एक वाक्य या एक विचार हमारी जिन्दगी बदल सकता है
(b) कई बार हम कोई चीज से प्रेरित होकर कोई ऐसा काम शुरू कर देते हैं पर उसे पूरा नहीं कर पाते
(c) सत्य बोलने के लिए कोई तैयारी नहीं करनी पड़ती, सच हमेशा दिल से निकलता है
(d) स्वर्ग या नरक में जाने की कुंजी भगवान ने हमारे हाथ में दे रखी है

**27. उसके बात करने का तरीका मुझे अत्यन्त ········· करता है। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
(a) प्रभावित (b) अनुशासित (c) सन्तुलित (d) प्रचारित

**28. निम्नलिखित में से कौन रीतिकालीन कवि है?**
(a) सुमित्रानन्दन पन्त (b) दिनकर
(c) हरिऔध (d) भूषण

**29. नौ-दो ग्यारह होना, इस मुहावरे का अर्थ दिए हुए में से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**
(a) गायब हो जाना (b) बहुत-से-मित्र इकट्ठे होना
(c) भाग जाना (d) नौ और दो गिनना

**निर्देश** (प्र.सं. 30-32) : गद्यांश पढ़ें एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें

घर में घर के आदमी का सम्मान प्राय: कम ही होता है। तभी तो कहा गया है कि घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव का सिद्ध जो घर में घुसा रहता है वह कुछ नहीं कर सकता, जो घर से बाहर निकलता है वही दुनिया को समझता और नापता है। घर के आदमी को घर से बाहर करना खतरनाक भी होता है, वह घर के गुप्त रहस्य बाहर कर सकता है। घर का भेदी लंका ढाये का उदाहरण हमारे सामने है। जाहि निकारयो गेह ते कस न भेद कहि देय। यदि विभीषण ने रहस्य न बताया होता तो रावण का विनाश कठिन हो जाता। इसलिए घर बनाना और घर की निभाना भले आदमियों का आचरण माना जाता। जो लोग घर की चुकाने के दाँव में रहते हैं वे विश्वसनीय नहीं माने जा सकते। हर माता-पिता सन्तान से यही अपेक्षा करते हैं कि वे अपने आचरणों से घर की लाज बनाए रखेंगे। घर की प्रतिष्ठा बढ़ायेंगे। घर-परिवार का नाम ऊँचा करेंगे। जिस घर का झण्डा ऊँचा होता है उसका प्रभाव और सम्मान भी व्यापक होता है।

**30. घर के आदमी को घर से बाहर करना खतरनाक भी होता है, क्योंकि ·········**
(a) वह दुनिया के नाप न पाएगा
(b) वह घर चुकाने के दाँव में रहता है
(c) वह घर के रहस्य बाहर कर सकता है
(d) वह घर की लाज न रख पाएगा

**31. दिए हुए विकल्पों में से व्यापक शब्द का विरुद्धार्थी शब्द चुनिए।**
(a) विस्तार (b) संकुचित
(c) अध्यापक (d) व्यापार

**32. प्रतिष्ठा का अर्थ कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**
(a) सौभाग्य (b) प्रभावी
(c) सम्मान (d) धन्य

**33. धरती ने खिलाये है ज्वलंत लाल-लाल, पंक्ति में प्रयुक्त अलंकर पहचानें।**
(a) पुनरुक्ति प्रकाश (b) अनुप्रास
(c) मानवीकरण (d) उत्प्रेक्षा

**34. साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त निराला की साहित्य साधना किसकी कृति है?**
(a) राम विलास शर्म (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) नामवर सिंह (d) भावनी प्रसाद मिश्र

**35. रीति का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) रितीयाँ (b) रितियाँ (c) रीतीं (d) रीतीयाँ

**36.** निम्नलिखित में तुलसीदास जी की रचना कौन-सी है?
(a) विनय पत्रिका (b) कवित्त रत्नाकर
(c) साहित्य लहरी (d) काशी

**37. मैं छुपाना जानता तो ········· मुझे समझता ही दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पूर्ण कीजिए।**
(a) मित्र, धूर्त (b) नीच, भिखारी
(c) जग, साधु (d) लोग, पशु

**38. प्रश्न करके परेशान करना कौन-सा विकल्प इसके लिए उचित मुहावरा है?**
(a) खोपड़ी खुजलाना (b) खोपड़ी गंजी करना
(c) खोपड़ी खाना (d) खोपड़ी मानना

**39. अनुशासन सफलता की .........है, दिए गए विकलपों में से सही का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
(a) जड़ (b) उन्नति
(c) कुंजी (d) प्रगति

**40. बेताल पच्चीसी किस विशेषण का उदाहरण है?**
(a) अपूर्ण संख्या वाचक (b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) क्रम वाचक (d) समुदाय वाचक

## भाग 2 मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**41. महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस (DEVAW) दुनिया भर में हर साल कब मनाया जाता है?**
(a) 2 जनवरी (b) 15 जुलाई
(c) 25 नवम्बर (d) 1 दिसम्बर

**42. निम्नलिखित को उच्चतम से निम्नतम पद के क्रम में लगाएँ**
A. कैबिनेट सचिव B. कलेक्टर
C. सम्भागीय आयुक्त D. प्रमुख सचिव
(a) DACB (b) ADBC
(c) DABC (d) ADCB

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43. भारतीय वायु सेना का वह एकमात्र अधीकारी कौन है, जिसे फील्ड मार्शल की पदवी के बराबर पाँच सितारा श्रेणी पर पदोन्नत किया गया?**
(a) अरुप राहा (b) अर्जन सिंह
(c) दिलबाग सिंह (d) मोहन राणा

**44. भगत सिंह और उनके मित्रों को किस मामले में गिरफ्तार किया गया था?**
(a) सेंट्रल असेंबली बम काण्ड
(b) डलहौजी स्क्वायर बम काण्ड
(c) केक्सटन हॉल में गोली चलाना
(d) अंग्रेज अफसर जैक्सन को गोली मारना

**45. 1973 के किस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पिछले फैसले को दुरूस्त किया और कहा कि प्रस्तावना संविधान का एक हिस्सा है?**
(a) बेरूबारी संघ बनाम अज्ञात
(b) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
(c) पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ
(d) कॉमन कॉज बनाम भारत संघ

**46. भूकम्प की तीव्रता मापने वाला पैमाना ……… है।**
(a) रिक्टर पैमाना (b) मोनोमीटर
(c) मेर्केली पैमाना (d) बर्नोली पैमाना

**47. भारत के संविधान में उल्लिखित निम्न में से कौन-सा अधिकार मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा में उल्लिखित नहीं है?**
A. समान नागरिक संहिता।
B. जंगलों का सरंक्षण, सुधार और सुरक्षा।
(a) A और B दोनों नहीं (b) केवल B
(c) A और B दोनों (d) केवल A

**48. निम्नलिखित में से किस देश ने वर्ष 2016 में अपनी मानवयुक्त अन्तरिक्ष उड़ान शेनजो-11 को लॉन्च किया?**
(a) उत्तरी कोरिया (b) चीन
(c) फिलीपींस (d) जापान

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा संघ सूची का एक हिस्सा है?**
(a) खाद्य पदार्थो का अपमिश्रण
(b) कानूनी, चिकित्सा और अन्य व्यासाय
(c) ट्रेड यूनियन; औद्योगिक और श्रम विवाद
(d) औद्योगिक संघ के कर्मचारियों से सम्बन्धित विवाद

**50. भारत सरकार ने पशु चिकित्सा के उपयोग में डाईक्लोफेनाक दवा पर प्रतिबन्ध लाग दिया गया है जिसकी वजह से भारतीय उपमहाद्वीप में ……… की संख्या में तेजी से गिरावट आई है।**
(a) गिद्ध (b) बाघ
(c) मोर (d) गौरैया

**51. स्वचालित वर्षा सेंसर ……… के सिद्धान्त पर काम करते हैं।**
(a) कुल आन्तरिक प्रतिविम्ब (b) व्यवधान
(c) बिखराव (d) अपवर्तन

**52. संयुक्त स्टॉक कम्पनियों की लेखा परीक्षा होती है ताकि–**
I. लाभ बढ़े
II. साख बढ़े
III. शेयर धारक संतुष्ट हों।
IV. वैधानिक आवश्यकता पूरी हो
(a) केवल II और III (b) केवल IV
(c) I और IV (d) केवल III

**53. भारतीय दण्ड संहिता की धारायें-359 से 374 किन कृत्यों से सम्बन्धित हैं?**
(a) हत्या का प्रयास
(b) अप्राकृतिक अपराध
(c) बलात्कार सहित यौन अपराध
(d) अपहरण, बहला फुसलाकर भगा ले जाना, गुलामी और जबरन मजदूरी कराना

**54. निम्न में से कौन-सा भारत के संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के तहत कहा गया है?**
A. किसी भी शिक्षण संस्थान में, चाहें सार्वजनिक, निजी या अल्पसंख्यक संस्थान हो, कोई भी धार्मिक शिक्षण का प्रावधान नहीं होगा।
B. यदि कोई व्यक्ति महान आदर्शों जो स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय संघर्ष से प्रेरित है, का पालन करने में विफल रहता है, तो उसकी स्वतन्त्रता का अधिकार रोका जा सकता है।
(a) A और B (b) केवल B
(c) केवल A (d) A और B दोनों नहीं

**55. 11,000 से अधिक और 25,000 से कम निवासियों के एक शहरी केन्द्र को किसके रूप में वर्गीकृत किया जाता है?**
(a) ग्राम पंचायत (b) नगर पालिका
(c) नगर पंचायत (d) महानगर पालिका

**56. विजयनगर साम्राज्य का अन्तिम शासक कौन था?**
(a) वेंकट-III (b) अच्युता देव राय
(c) अलिया रामराय (d) श्रीरंगा-III

**57. सिंचाई के पानी में उर्वरक या रसायानों की मिलावट ……… कहलाती है।**
(a) फर्टिलाइजेशन (b) फर्टूगेशन
(c) फर्टिगेशन (d) फगुरिशन

**58. एक गाँव तब ग्रामदान घोषित होता है, जब कम से कम ……… प्रतिशत भूमि के ……… प्रतिशत निवासियों की लिखित रूप में उनकी मंजूरी दर्शायी जाए।**
(a) 75, 100 (b) 51, 75
(c) 25, 50 (d) 25, 75.

**59. खिलाड़ियों में पैर की बीमारी की निम्न में से कौन-सी वजह है?**
(a) राइनो वायरस (b) ओर्थोमिक्सो वायरस
(c) ट्राईकोफाईटन (d) वैरिब्रियोकोलेरक

**60. सुप्रीम कोर्ट ने किस कम्पनी के खिलाफ उसकी एक कैंसर की दवा की पेटेंट याचिका खारिज करते हुए फैसला दिया, जिससे जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों के लिए सस्ती दवाओं की उपलब्धता को बल मिला।**
(a) सन फार्मा (b) सिप्ला
(c) रैनबैक्सी (d) नोवार्टिस

**61. ……… सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नेटवर्क पर भेजे गए डेटा का एक असतत् खण्ड है।**
(a) पैकेट (b) प्रोग्राम
(c) बिट (d) रजिस्ट्रर

**62. निम्नलिखित संवैधानिक निकायों में से किसके पास कानून बनाने के मामले में सबसे कम अधिकार है?**
(a) विधानपरिषद् (b) लोकसभा
(c) राज्यों की परिषद् (d) विधानसभा

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**63. यदि एक नागरिक के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत पहली अपील और दूसरी अपील के उपाय का इस्तेमाल समाप्त हो जाता है, तो वह संविधान के अनुच्छेद ……… के तहत उच्च न्यायालय में जा सकता है।**

(a) अनुच्छेद 226 (b) अनुच्छेद 74
(c) अनुच्छेद 184 (d) अनुच्छेद 30

**64. इस यातायात संकेत का क्या मतलब है?**



(a) बाईं ओर रहें
(b) आगे रास्त नहीं है; वापस जायें
(c) दायीं ओर खड़ी ढलान है
(d) दाई ओर रहें

**65. निम्नलिखित समझौतों या सहमति पत्रों में से किसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है?**

A. सांस्कृतिक समझौते
B. विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते
C. विदेशी सहायता समझौते

(a) A, B और C (b) A और B
(c) B और C (d) केवल A

**66. धौलागिरी शिखर का दूसरा नाम है ……… ।**

(a) दक्षिण शिखर (b) पश्चिम शिखर
(c) श्वेत पर्वत (d) परमानन्द दायिनी देवी

**67. भारत ने वर्ष 2030 तक ओजोन परत को हानि पहुँचाने वाली एक ग्रीन हाउस गैस को समाप्त करने की योजना बनाई है। उस गैस का नाम क्या है?**

(a) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी)
(b) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)
(c) हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी)-23
(d) मीथेन ($CH_4$)

**68. ……… के इस्तेमाल को समाप्त करने के लिए, भारत ने एक वैश्विक सन्धि मीनामाता सम्मेलन पर हस्ताक्षर किए हैं।**

(a) कार्बन (b) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी)
(c) सीसा (d) पारा

**69. भारत ऐल्युमिनियम कम्पनी लिमिटड (बाल्को) में से सरकार की हिस्सेदारी के विनिवेश के खिलाफ दायर जनहित याचिका एक ऐतिहासिक जनहित याचिका मामला माना जाता है, क्योंकि इसके नतीजे में ………**

(a) भविष्य के सभी विनिवेश अदालतों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं
(b) सरकारी विनिवेश नीति में परिवर्तन
(c) सरकार ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेचने की इजाजत दी
(d) अदालत ने यह कहा कि सरकार के आर्थिक फैसलों को चुनौती देना अदालत के दायरें में नहीं आता

**70. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए, भारत में ₹ 6,00,000 प्रतिवर्ष कमाने पर एक वरिष्ठ नागरिक के लिए आयकर की दर क्या है?**

(a) 30% (b) 20%

**71. निम्नलिखित बयानों में से कौन-सा राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के सम्बन्ध में सही है/हैं?**

A. निदेशक सिद्धान्तों और मौलिक अधिकारों के बीच टकराव के मामले में निदेशक सिद्धान्त का अदालत में वर्चस्व होगा।
B. मौलिक अधिकार असीम नहीं हैं और नागरिक उचित प्रतिबन्धों के अधीन हैं। निदेशक सिद्धान्त किसी भी संवैधानिक सीमाओं के अधीन है।

(a) केवल B (b) A और B दोनों
(c) केवल A (d) A और B दोनों नहीं

**72. निम्नलिखित में से कौन-सा संघ द्वारा लगाया जाता है लेकिन राज्य द्वारा एकत्र और विनियोजित किया जाता है?**

(a) भू-राजस्व (b) आयकर पर अधिभार
(c) रेलवे (d) मुद्रा शुल्क

**73. अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियन्त्रण का भारत संविधान की कौन-सी अनुसूची में उल्लेख किया गया है?**

(a) 4थी (b) 6वी (c) 8वीं (d) 5वीं

**74. निम्न में से कौन-सी संविधान सभा की एक समिति है जो जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में आयोजित नहीं हुई थी?**

(a) संघ शक्तियों की समिति (b) संचालन समिति
(c) राज्यों की समिति (d) संघ संविधान समिति

**75. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को शपथ कौन दिलाता है?**

(a) राष्ट्रपति
(b) उच्च्तम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश
(c) मुख्य चुनाव आयुक्त
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

**76. दल परिवर्तन के आधार पर अयोग्यता के प्रावधान को शामिल करती, 10वीं अनुसूची संविधान में किस साल जोड़ी गई थी?**

(a) 1951 (b) 1989 (c) 1985 (d) 1992

**77. एक सीमा पर निवेश, जहाँ एक वैश्विक कम्पनी किसी दूसरे देश में एक स्थापित स्थानीय कम्पनी को खरदती है और इसे एक सहायक व्यपार बनाती है, वो ……… कहलाता है।**

(a) अन्तर्राष्ट्रीय अधिग्रहण (b) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार
(c) अन्तर्राष्ट्रीय स्थापना (d) अन्तर्राष्ट्रीय खरीद

**78. एमएस एक्सेल (MS Excel) का फाइल एक्सटेंशन निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(a) .xlsx (b) .els (c) .exl (d) .exis

**79. वर्ष 2015 काले धन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारत द्वारा कौन-सा अधिनियम पारित किया गया था?**

(a) काला धन (अघोषित विदेशी आय और सम्पत्ति) और आयकर का अधिरोपण अधिनियम
(b) मनी लॉन्ड्रिग अधिनियम
(c) विदेशी मुद्रा प्रबन्धन अधिनियम
(d) प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम

**80. एक देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ………a……… के दौरान बढ़ जाता है और ……b…… के दौरान घट जाता है।**

(a) (a) तेजी (b) मंदी
(b) (a) अवस्फीति (b) प्रत्यवस्फीति
(c) (a) मजबूत (b) कमजोर
(d) (a) मंदी (b) तेजी

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

**81.** अगर $(1728^{26} - 2^{156})$ को 16 से विभाजित किया जाए तो शेषफल क्या होगा?
(a) 0 (b) 1 (c) 4 (d) 13

**82.** एक रुपये में 30 चॉकलेट खरीदी गयीं। 20% लाभ पाने के लिए एक रुपए में कितनी चॉकलेट बेची जानी चाहिए?
(a) 20 (b) 25 (c) 40 (d) 27

**83.** कैलाश एक काम को जितने समय में करता है, ऋचा उस काम को उससे आधे समय में कर सकती है। संजय उसी काम को ऋचा द्वारा लिए गए समय के एक तिहाई समय में कर सकता है। वे तीनों 30 दिनों तक उस काम को करते हैं जिसके बाद कैलाश छोड़ देता है। संजय ऋचा और 18 दिनों में शेष कार्य को पूरा कर देते हैं। अकेले ऋचा को कुल कार्य पूरा करने के लिए कितने दिन लगेंगे?
(a) 138 (b) 69 (c) 414 (d) 207

**84.** एक घोल में पेट्रोल तथा मिट्टी का तेल 3 : 5 के अनुपात में शामिल है। 5 : 3 का अनुपात बनाने के लिए घोल के 16 लीटर को पेट्रोल के साथ बदल दिया गया है। घोल में मिट्टी के तेल की मूल मात्रा का पता लगाएँ।
(a) 40 लीटर (b) 35 लीटर (c) 30 लीटर (d) 25 लीटर

**85.** आठ महिलाएँ एक होटल गयीं। उनमें से सात ने अपने-अपने भोजन पर ₹4 खर्च किए और आठवीं महिला ने सभी आठ महिला के औसत खर्च से ₹7 अधिक खर्च किए। उनके द्वारा खर्च की गई कुल राशि निर्धारित करें।
(a) ₹45 (b) ₹40 (c) ₹35 (d) ₹50

**86.** $(1/3$ का $9 + 6 \times 4 - 12 \div 6 + 3 - 2)^{1/2} \div (4/5$ का $20 + 5 - 6 \div 2 - 3 + 6 + 25 \div 5)^{1/2}$ का मान ज्ञात करें।
(a) 3 (b) 1 (c) 4 (d) 2

**87.** विपरीत दिशाओं में चल रही दो ट्रेनें क्रमशः 30 सेकण्ड और 20 सेकण्ड में एक खम्बे को पार करती हैं। वे 25 सेकण्ड में एक दूसरे को पार करती हैं। उनकी गति का अनुपात ......... है।
(a) 1 : 1 (b) 1 : 7 (c) 1 : 5 (d) 1 : 2

**88.** यदि ₹750 साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर 5 साल में 1000 की राशि हो जाते हैं, तो साधारण ब्याज की उसी दर पर यह 10 साल में कितना हो जाएगा?
(a) ₹2050 (b) ₹2000 (c) ₹1250 (d) ₹1520

**89.** दो संख्याओं का योग 150 है। अगर एक का एक-चौथाई अन्य के छठे हिस्से से 5 अधिक है, तो छोटी संख्या ज्ञात करें।
(a) 42 (b) 36 (c) 72 (d) 18

**90.** आठ इंच की भुजा वाला एक घन है। इसे फिर छोटे घनों में काटा जाता है जिसमें प्रत्येक घन की भुजा दो इंच की है। बड़े घन के पृष्ठीय क्षेत्रफल के सन्दर्भ में सभी छोटे घनों के पृष्ठीय क्षेत्रफल के योग के अनुपात का पता लगाएँ।
(a) 1 : 4 (b) 4 : 1 (c) 1 : 6 (d) 6 : 1

**91.** GOLDEN शब्द के अक्षरों से कितने शब्द बन सकते हैं, जबकि सारे स्वर एक साथ न हों?
(a) 480 (b) 520 (c) 720 (d) 120

**92.** $A$ और $B$ दो सीमित समुच्चयों को इस तरह मान लें कि $n(A \cap B) = 12$, $n(A - B) = 24$, $n(B - A) = 45$, $n(A)$ और $n(B)$ ज्ञात करें।
(a) 36, 57 (b) 33, 12
(c) 36, 69 (d) 12, 33

**93.** $(0.08)^2 = (0.7)4)^2 + 0.084)^2 / (0.008)^2 + (0.074)^2 + (.0084)^2$ का मान ......... है।
(a) $10^6$ (b) 300 (c) 200 (d) 400

**94.** 18 अप्रैल, 1865 सप्ताह को कौन-से दिन पड़ा था?
(a) रविवार (b) बुधवार
(c) शुक्रवार (d) मंगलवार


**95.** एक माणिक का मूल्य सीधे उसके वजन के वर्ग के रूप में बदलता रहता है। ऐसा ही एक माणिक टूट जाता है और उसके टुकड़ों का वजन 2 : 3 : 4 के अनुपात में है। अगर टूटने के कारण नुकसान ₹26,000 है, तो मूल माणिक की कीमत क्या थी?
(a) ₹50500 (b) ₹50000
(c) ₹45000 (d) ₹40500

**96.** एक तीरंगदाजी प्रतियोगिता में कुल प्रतिभागियों में से 65% पहले परीक्षण में ही लक्ष्य को बेध देते हैं और कुल प्रतिभागियों में से 55% दूसरे परीक्षण में लक्ष्य को बेध देते हैं। कुल प्रतिभगियों में से 20% किसी भी परीक्षण में लक्ष्य को नहीं बेध पाते हैं। कितने प्रतिशत प्रतिभागी दोनों परीक्षणों में लक्ष्य को बेधते हैं?
(a) 30 (b) 40 (c) 55 (d) 80

**97.** 300 मीटर की लम्बाई वाली ट्रेन $A$, 45 किलोमीटर प्रति घण्टे की गति से दक्षिण दिशा में जा रही है। 240 मीटर की लम्बाई वाली ट्रेन $B$, 60 किलोमीटर प्रति घण्टे की गति से उसी दिशा में जा रही है, वो ट्रेन $A$ के पिछले सिरे से 120 मीटर पीछे है। ट्रेन $A$ के बिल्कुल बीच में बैठे हुए व्यक्ति को पार करने के लिए ट्रेन $B$ कितना समय लेगी?
(a) 110 सेकण्ड (b) 122.4 सेकण्ड
(c) 120.3 सेकण्ड (d) 100.5 सेकण्ड

**निर्देश** (प्र.सं. 98-100) : निम्नलिखित चित्र को देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

निम्न स्तम्भ आरेख A, B, C, D इन चार कम्पनियों का राजस्व (करोड़ रुपये में) दर्शाता है।




**98.** वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 में सभी कम्पनियों के औसत राजस्व (करोड़ रुपयों में) के बीच क्या अन्तर है?
(c) 525 (d) 625

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**99.** वर्ष 2014-15 में $B$ और $C$ के औसत राजस्व की तुलना में, वर्ष 2015-16 में $A$ और $D$ का औसत राजस्व कितना प्रतिशत अधिकम/कम है?
(a) 7.86% कम (b) 4.47% अधिक
(c) 6.61% अधिक (d) 5.22% अधिक

**100.** कौन-सी कम्पनी दो वर्षों के बीच राजस्व में दूसरे अधिकतम प्रतिशत परिवर्तन को दर्शाती है?
(a) A (b) B (c) D (d) C

**101.** अमर 6 दिनों में एक काम को पूरा करता है। लेकिन अगर वह प्रेम के साथ काम करता है, तो वह काम 2 दिनों में समाप्त हो जाता है। काम खत्म करने के लिए अकेले प्रेम कितने दिन लेगा?
(a) 2 (b) 2.5 (c) 4 (d) 3

**102.** एक परीक्षा में 12 छात्रों के मध्यमान अंक 52.5 थे। बाद में, जाँच करने पर दो छात्रों के अंक 45 और 51 से बदलकर क्रमशः 40 और 62 कर दिए गए थे। छात्रों के सही किए गए मध्यमान अंक ज्ञात करें।
(a) 53 (b) 52.8 (c) 52.6 (d) 53.5

**103.** 70 लीटर के एक घोल में शराब और पानी का अनुपात 5 : 2 है। अनुपात को उल्टा करने के लिए घोल में कितना पानी मिलाया जाना चाहिए?
(a) 120 लीटर (b) 105 लीटर(c) 115 लीटर (d) 130 लीटर

**104.** एक बॉक्स में 12 नीले पेन और 18 काले पेन हैं। दो पेनों को एक के बाद एक, बिना उनके स्थान पर दूसरे पेन रखे, निकाला जाता है। इस बात की कितनी सम्भावना है कि पहला पेन नीले रंग का हो और दूसरा काले रंग का?
(a) 18/39 (b) 72/145 (c) 36/125 (d) 18/154

**105.** तीन धनात्मक पूर्णांकों $p, q$ और $r$ का औसत 10 है। यदि यह दिया गया है कि $p \le q \le r$ और तीन संख्याओं की माध्यिका $p + 2$ है, तो $r$ का लघुत्तम सम्भव मान क्या है?
(a) 22 (b) 12 (c) 8 (d) 10

**106.** शिवाजी और प्रभु की उम्र 11 : 7 के अनुपात में है। 8 साल बाद, उनकी उम्र का अनुपात 15 : 11 होगा। उनका उम्र में कितना अन्तर है? (वषे में)
(a) 8 (b) 6 (c) 2 (d) 4

**107.** यदि एक संख्या का दो तिहाई 216 है, तो उस संख्या का 1/18 क्या होगा?
(a) 24 (b) 26
(c) 18 (d) 14

**108.** एक फल विक्रेता अपने 30% सेब बेच देता है और उनमें से 2 सेब रास्ते में खा लेता है। अब उसकी टोकरी में 208 सेब शेष हैं। शुरू में उसके पास कुल कितने सेब थे?
(a) 300 (b) 310
(c) 275 (d) 298

**109.** यदि 8% चक्रवृद्धि ब्याज पर लिए गए ₹7500 को, 3 साल की बराबर वार्षिक किसत में चुकाना हो, तो अनुमानित वार्षिक किस्त ज्ञात करें।
(a) ₹3013 (b) ₹2867
(c) ₹2728 (d) ₹2910

**110.** अगर कल रविवार था, तो आज से 81वाँ दिन क्या होगा?
(a) बुधवार (b) मंगलवार (c) गुरुवार (d) शुक्रवार

**111.** $a^2 + b^2 = 100$ और $ab = 48$, $(a + b) / (a - b)$ का मान ज्ञात करें।
(a) 7 (b) 49
(c) 2401 (d) 343

**112.** एक वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात करें जिसकी परिधि 121 वर्ग सेमी क्षेत्रफल वाले वर्ग की परिधि के बराबर है।
(a) 220 वर्ग सेमी (b) 110 वर्ग सेमी
(c) 154 वर्ग सेमी (d) 77 वर्ग सेमी

**113.** राम 16 दिनों में एक काम को पूरा करता है, लक्ष्मण को उसी काम को पूरा करने के लिए 20 दिन लगते हैं। वे 4 दिन एक साथ काम करते हैं और फिर राम छोड़ देता है। और कितने दिनों में लक्ष्मण काम को पूरा कर देगा?
(a) 16 (b) 13 (c) 12 (d)11

**114.** किशोर कुल दुरी का 2/5 कार द्वारा तय करता है, 8/15 साईकिल द्वारा और शेष दूरी को, 6 किलोमीटर प्रति घण्टे के हिसाब से चलकर, 40 मिनट में तय करता है। उसके द्वारा तय की गयी कुल दूरी ……… है।
(a) 60 किलोमीटर (b) 67.5 किलोमीटर
(c) 65 किलोमीटर (d) 69.5 किलोमीटर

**115.** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स थोक में ₹60,000 प्रत्येक के हिसाब से प्लाज्मा टीवी खरीदते हैं। हालांकि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में एक प्लाज्मा टीवी पर अंकित कीमत ₹ 63,000 है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्लाज्मा टीवी पर कितना % लाभ कमाते हैं अगर वे टीवी को हमेशा अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रहे हैं?
(a) 4% (b) 5%
(c) 10% (d) 3%

**116.** एक सामग्री को ₹600 में खरीदा गया। अगर सामग्री के 3/4 हिस्से को 10% के लाभ पर बेचा जाता है और शेष को 20% के नुकसान पर, समग्र लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात करें।
(a) 3% हानि (b) 4% हानि
(c) 2.5% लाभ (d) 5% लाभ

**117.** एक खरगोश 3 किमी/घण्टे की गति से 6 किमी तक कुलांचे भरता है। अगले 3 घण्टे के दौरान किस गति से खरगोश को कुलांचे भरने की आवश्यकता होगी ताकि उसके द्वारा तय की गयी पूरी दूरी के लिए उसकी औसत गति 6 किमी/घण्टा हो?
(a) 12.5 किमी/घण्टा (b) 14 किमी/घण्टा
(c) 1 किमी/घण्टा (d) 8 किमी/घण्टा

**118.** $(4 \times 54 \times 3125)$, $(16 \times 5 \times 8)$ और $(32 \times 27 \times 11 \times 49)$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करें।
(a) 24 (b) 40 (c) 8 (d) 4

**119.** वह लघुत्तम संख्या कौन-सी है जिसे 650 से गुणा करने पर 560 का गुणज मिल जाएगा?
(a) 56 (b) 7 (c) 48 (d) 13

**120.** 3 बहनों की उम्र निरन्तर अनुपात में है। अगर दूसरी बहन की उम्र 12 साल है और अन्य दो की उम्र में 7 साल का अन्तर है, तो सबसे बड़ी बहन की उम्र क्या है?
(a) 18 (b) 16
(c) 17 (d) 15

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**121. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन I और II शामिल हैं। आप को तय करना है कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथन पढ़ें और सही विकलप चुनें।**

**प्रश्न : D का B से क्या रिश्ता है?**

I. H, D का भाँजा/भतीजा है। C, B का बेटा है, जो E का पति है।

II. B, A की पत्नी है, जो D का पिता है। A के दो बच्चे हैं।

(a) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं

(b) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त नहीं हैं

(c) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं

(d) केवल कथन II के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं

**122. निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न के स्तीन पर क्या आएगा?**
**6, 20, 40, 68, 106, ?**

(a) 224 (b) 156 (c) 154 (d) 198

**123. दिए गए विकल्पों में से असंगत विकल्प ज्ञात करें।**

Bombay Gold Cup, Rangaswami Cup, Nehru Trophy, Narang Cup

(a) Rangaswami Cup

(b) Bombay Gold Cup

(c) Nehru Trophy (d) Narang Cup

**124. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों के बाद दो पूर्वानुमान जो I और II दिए गए हैं। आपको कथन की हर बात को सत्य मानना है और फिर दोनों पूर्वानुमानों को एक साथ समझें और तय करें कि इनमें से कौन-सा, कथन में अन्तनिर्हित हैं?**

**कथन :** हमारी कम्पनी में, कर्मचारियों की संख्या अधिक है। इसीलिए, मैं हर एक के लिए जीवन बीमा पॉलिसी का प्रस्ताव रखना चाहता हूँ कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक।

**पूर्वानुमान :**

I. सभी कम्पनियों के लिए अपने कर्मचारियों को जीवन बीमा पॉलिसी प्रदान करना अनिवार्य है।

II. बीमा पॉलिसी कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए बहुत उपयोगी है।

(a) पूर्वानुमान I और II दोनों ही अन्तनिर्हित नहीं हैं।

(b) केवल पूर्वानुमान I अन्तनिर्हित है

(c) केवल पूर्वानुमान II अन्तनिर्हित है

(d) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तनिर्हित है

**125. एक सुबह, एक व्यक्ति कराटे का अभ्यास कर रहा है। वह शीर्षासन की मुद्रा में है। उसका मुँह पूर्व की ओर है। उसका दायाँ हाथ किस दिशा में है?**

(a) उत्तर (b) पश्चिम (c) दक्षिण (d) पूर्व

**126. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों के बाद दो पूर्वानुमान जो I और II दिए गए हैं। आपको कथन की हर बात को सत्य मानना है और फिर दोनों पूर्वानुमानों को एक साथ समझें और तय करें कि इनमें से कौन-सा कथन में अन्तनिर्हित है?**

**कथन :** चिकित्सा उत्पाद बनाने वाली रासायनिक कम्पनियों को अपने अपशिष्ट समुद्रों और नदियों में बहाना कम करना चाहिए।

**पूर्वानुमान :**

I. बहाए गए अपशिष्ट, भुमिगत जल तक पहुँच कर जल संसाधनों को कम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप पेय जल की कमी होती है।

II. ऐसी रसायानिक कम्पनियों पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए ताकि अपशिष्ट का उत्पादन कम किया जा सके।

(a) पूर्वानुमान I और II दोनों ही अन्तनिर्हित नहीं हैं

(b) केवल पूर्वानुमान I अन्तनिर्हित है

(c) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तनिर्हित है

(d) केवल पूर्वानुमान II अन्तनिर्हित है

**127. निम्नलिखित प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I, II दिए गए हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष तार्किक तौर पर कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन :** I. सारे कमल गुलाब हैं।
II. कोई गुलाब लिली नहीं है।
III. कुछ कमल चमेली हैं।

**निष्कर्ष :** I. कोई कमल लिली नहीं हैं।
II. कुछ चमेली लिली नहीं हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(b) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों ही अनुसरण नहीं करते हैं

(c) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों ही अनुसरण करते हैं

(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**128. निम्नलिखित प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I, II दिए गए हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष तार्किक तौर पर कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन :** I. कोई बाइक कार नहीं है।
II. कुछ कारें बसे हैं। III. कुछ बसें ट्रेनें हैं।

**निष्कर्ष :** I. कोई बाइक ट्रेन नहीं है।
II. कुछ ट्रेनें बाइक हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(b) या निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(d) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों ही अनुसरण नहीं करते हैं

**129. एक विशेष कूट भाषा में 'ENTERTAIN' को 'QOHPTIILF' के रूप में कोडित किया जाता है। तो उसी कूट भाषा में 'JUKEBOXES' को कैसे कोडित किया जाएगा?**

(a) HCMKDCHNC (b) HVMKDINHC

(c) HVDKINOCA (d) HVCHCIDMB

**130. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन I और II शामिल है। आपको तय करना है कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।**

**प्रश्न : 'good'** का कोड क्या होगा?

I. "All are very beauty" का अर्थ है 'Ka Ta Pa Ra'

II. "They are good" का अर्थ है Ya Ra Sa

(a) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं

(b) कथन I और II के तथ्य मिलकर प्रश्न के उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

(c) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं
(d) केवल कथन II के तथ्य ही प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त हैं

**निर्देश** (प्र.सं. 131-133) : XYZ कॉलेज में आगमी वर्ष के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए चयन प्रक्रिया के निम्नलिखित मानदण्ड हैं। उम्मीदवार को

A. बारहवीं कक्षा पास करनी चाहिए जिसमें विज्ञान प्रमुख विषय हो।
B. 1 अगस्त 2016 को 18 वर्ष से कम उम्र का नहीं होना चाहिए।
C. एक बार का डिपाजिट ₹ 10,000 और वार्षिक फीस 48,000 जमा करने में सक्षम होना चाहिए।
D. दसवीं की परीक्षा में कम से कम 70% अंक और बाहरवीं की परीक्षा में कम से कम 60% अंक अर्जित करना चाहिए। अगर उम्मीदवार ऊपर दिए गए मानदण्ड पर पूरा उतरता है, सिवाय

I. उपरोक्त (C) के परन्तु वार्षिक शुल्क और एक बार का डिपाजिट ₹8000 तक जमा करने में समक्ष है तो, उसका मामला प्रबन्ध निदेशक के पास भेजा जाएगा।

**131. उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए?**
**7 जुलाई 2016 को गणेश 20 वर्ष का है। उसने विज्ञान को प्रमुख विषय के रूप में रख कर दसवीं में 87% और बारहवीं में 65% अंक प्राप्त किये। वह शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क का भुगतान करने में सक्षम है।**
(a) मामले को प्रबन्ध निदेशक के पास भेज दिया जाएगा
(b) उम्मीदवार का चयन किया जाएगा
(c) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाएगा
(d) दिए गए तथ्य निर्णय के लिए अपर्यापत हैं

**132. उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए?**
**रक्षिता ने ABC स्कूल में 93% अंक के साथ दसवीं पास की है और 89% अंक के साथ बारहवीं पास की है, वह शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क का भुगतान करने को तैयार है। उसका जन्म 13 जनवरी, 1997 को हुआ।**
(a) मामले को प्रबन्ध निदेशक के पास भेज दिया जाएगा
(b) उम्मीदवार का चयन किया जाएगा
(c) दिए गए तथ्य निर्णय के लिए अपर्याप्त हैं
(d) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाएगा


**133. उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए?**
**नन्दी का जन्म 20 अक्टूबर, 2000 को हुआ था। उसने बारहवीं की पढ़ाई प्रमुख विषय के रूप में विज्ञान के साथ की। उसने दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं में 94% अर्जित किये। वह वार्षिक शुल्क के भुगतान में सक्षम हैं, परन्तु एक बार जमा की जाने वाली राशि के रूप में ₹8000 ही दे सकता है।**
(a) उम्मीवार का चयन किया जाएगा
(b) दिए गए तथ्य निर्णय के लिए अपर्याप्त हैं
(c) मामले को प्रबन्ध निदेशक के पास भेज दिया जाएगा
(d) उम्मीवादर का चयन नहीं किया जाएगा

**134. नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन I और II शामिल हैं। आपको तय करना है कि क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य प्रश्न का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथन पढ़ें और सही विकल्प चुनें।**
**प्रश्न :** K के सन्दर्भ में L किस दिशा में है?
I. R, P के पश्चिम में है और K के उत्तर में है।
II. P, L के उत्तर पश्चिम में है और M के दक्षिण-पश्चिम में।
(a) केवल कथन II के तथ्य ही इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(b) कथन I और II दोनों के तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(c) केवल कथन I के तथ्य ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(d) कथन I और II के तथ्य मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**135. एक लड़की का मुँह दक्षिण-पूर्व की ओर है। वह 90 डिग्री दक्षिणावर्त घूमती है, फिर बाएँ घूमती है, फिर दायें घूमती है, फिर एक बार दायें घूमती है, फिर 45° डिग्री दक्षिणावर्त्त घूमती है और फिर 135 डिग्री वामावर्त घूमती है और फिर 45 डिग्री दक्षिणावर्त घूमती है।**
**अंततः, उसका मुँह किस दिशा में हैं?**
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) पूर्व

**136. 'T + U' का अर्थ है 'T, U' की माँ हैं**
**'T − U' का अर्थ है 'T , U' का बेटा है**
**'T × U' का अर्थ है 'T , U' का भाई बेटा है**
**'T % U' का अर्थ है 'T , U' का पिता है**
**निम्नलिखित में से किसका अर्थ 'A, D का कजिन है?'**
(a) D −B × C − A (b) A − C × B % D
(c) B% C × D + A (d) C + D − A % B

**137. प्रश्नचित्र में दिखाई गई विधि के अनुरूप एक कागज को मोड़ा जाता है। दिए गए उत्तर चित्र द्वारा बताएँ, कि यह मुड़ने के बाद कैसा दिखेगा?**



(a) (b) (c) (d)

**138. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या आएगा?**
**2, 31, 134, 359, ?**
(a) 754 (b) 854 (c) 696 (d) 732

**139. एक महिला की ओर इशारा करते हुए, बाहुबली ने कहा, वह मेरे पिता की पत्नी की बहन के पति की माँ हैं। उस महिला के पति का बाहुबली से क्या सम्बन्ध है?**
(a) ससुर
(b) बाहुबली की आंटी के ससुर
(c) बाहुबली की आंटी के अंकल
(d) बाहुबली की आंटी के पिता


**140. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क मजबूत है?**
**कथन :** सब्जियों और अनाजों को हमारे भोजन की आदतों में शामिल किया जाना चाहिए?
**तर्क :**
I. हाँ, इस आधुनिक दुनिया में हम बर्गर, पिज्जा जैसे खाद्य पदार्थों को पसन्द करते हैं जो अस्वास्थ्यकर हैं।
II. नहीं, भोजन की आदतों में बदलाव आगे चलकर लाभदायक नही होंगे।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) तर्क I और II दोनों ही मजबूत नहीं हैं
(c) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं
(d) केवल तर्क II मजबूत हैं

**141.** दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें जिसे पहली जोड़ी के सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सके।
**Introvert : Bashful : : Bossy : ?**
(a) Hypocrisy (b) Tyrannical
(c) Democratic (d) Disordered

**142.** उस विकल्प को चुनें जो दूसरों से भिन्न है।



(a) (b) (c) (d)


**143.** दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें जिसे पहली जोड़ी के सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सके।
**Cynology : Doge : : Olericulture : ?**
(a) Vegetables (b) Grains (c) Paddy (d) Comer

**144.** दिए गए विकल्पों में से असंगत विकल्प ज्ञात करें।
**Penalty, Corner, Foul, Penalty Comer**
(a) Penalty Comer (b) Penalty
(c) Foul (d) Corner

**145.** रानिल का मुँह दक्षिण दिशा में है। वह 10 मीटर सीधा चलता है जिसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 5 मीटर चलता है। वहाँ से वह हर मोड़ के बाद 5 मीटर तय करने के लिए एक बार बाएँ मुड़ता है और एक बार दायें मुड़ता है। उसके बाद वह उत्तर दिशा में चलना आरम्भ करता है ओर 15 मीटर की दूरी तय करता है। फिर वहाँ से वह पश्चिम की ओर 15 मीटर चलता है। अभी वह आरम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व (c) दक्षिण (d) पश्चिम

**146.** सात लोग, कमल, नलिनी, नम्रता, शीला, शक्ति, अरुण और सुकन्या तीन अलग-अलग विषय गणित, विज्ञान और भौतिकी तीन अलग-अलग स्कूलों में P, Q और R में पढ़ते हैं। उनमें दो से कम और तीन से अधिक लोग एक ही विषय नहीं पढ़ते हैं। उनमें दो से कम और तीन से अधिक लोग एक ही स्कूल में नहीं पढ़ते हैं।
नम्रता P स्कूल में गणित पढ़ती है जिसमें केवल एक और छात्र है जिसका नाम शक्ति है। कमल R सकूल में नहीं पढ़ता है परन्तु वह गणित का छात्र है। शक्ति और सुकन्या एक ही विषय पढ़ते हैं। शीला R स्कूल में भौतिकी पढ़ती है। नलिनी भी R सकूल की छात्रा है। अरुण और सुकन्या R स्कूल में नहीं पढ़ते हैं। नलिनी और शक्ति विज्ञान पढ़ते हैं। अरुण किस विषय का छात्र है।
(a) विज्ञान (b) भौतिकी
(c) गणित (d) कह नहीं सकते


**147.** प्रश्न-चिन में दिए गए पैटर्न को कौन-सा विकल्प चित्र पूरा करेगा?



(a) (b) (c) (d)

**148.** किसी कूट भाषा में, 'DEXTRAS' को 'BHVWPDQ' लिखा गया है, उसी भाषा में 'PROBLEM' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) NUMEJHK (b) SPRZOCP
(c) MTLDIGJ (d) ROQYNBO

**149.** निम्नांकित रेखा-चित्र में, त्रिकोण उन लोगों की संख्या को दर्शाता है जो खिलाड़ी हैं, वृत्त उन लोगों की संख्या को दर्शाता है जिनमें टाइपराइटिंग कौशल है, वर्ग उन लोगों की संख्या को दर्शाता है जो स्नातक हैं, पंचभुज हिन्दी भाषियों की संख्या दर्शाता है। उन लोगों की संख्या क्या है जो स्नातक और खिलाड़ी हैं?




(a) 5 (b) 15 (c) 10 (d) 21

**150.** किसी कूट भाषा में 'STEPS' को 'UNVRU' लिखा गया है, उसी भाषा में 'MONTH' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) JMORM (b) JRMMO
(c) JRNNO (d) JRMOM

**निर्देश** (प्र.सं. 151-153) : निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें

निम्नलिखित, इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक चित्रण है। (सारी संख्याएँ दो अंकों की संख्याएँ हैं)

**इनपुट :** All flower very beauty 84 26 32 27
**चरण I.** very All flower beauty 84 26 32 27
**चरण II.** very All flower beauty 27 32 26 84
**चरण III.** very flower All beauty 27 26 32 84
**चरण IV.** very flower beauty All 27 26 32 84
**चरण V.** very flower beauty All 27 26 32 84

और चरण V ऊपर दिएगए इनपुट के पुनर्विन्यास का अन्तिम चरण है।

**151.** ऊपर के चरणों में लागू किए गए नियमों के अनुसार, अगर इनपुट : "92 46 Cake All best 35 81 beauty 24 length" है तो कौन-सा चरण आउटपुट होगा?
(a) 6 (b) 5 (c) 7 (d) 8

**152.** ऊपर के चरणों में लागू किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के चरण VII में कौन-सा शब्द/संख्या बाएँ छोर से छठे स्थान पर आएगा/आयेगी?
**इनपुट :** 92 46 Cake All best 35 81 beauty 24 length.
(a) 81 (b) 35 (c) Best (d) Beauty

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**153. ऊपर के चरणों में लागू किए गए नियमों के अनुसार नीचे दिए गए इनपुट के लिए कौन-सा विकल्प चरण VIII होगा?**

**इनपुट :** 92 46 Cake All best 35 81 beauty 24 length.

(a) Length Cake Beauty 46 All Best 35 24 81 92
(b) Length Cake Beauty All Best 35 24 46 81 92
(c) Length Cake Best Beauty All 24 35 46 81 92
(d) Length Cake BeautyBest All 35 24 46 81 92

**154. गीता की ओर इशारा करते हुए राम ने कहा, 'उसकी बहन की माँ मेरे पिता की माँ की बहु है।' गीता की माँ का राम से क्या सम्बन्ध है?**

(a) माँ
(b) बहन
(c) मौसी
(d) भाभी

**155. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क मजबूत है?**


**कथन :** चीन में बने उत्पादों को भारत में प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क :**

I. हाँ, चीन भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन करता है।
II. हाँ, इससे भारतीय उत्पादन में वृद्धि होगी


(a) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं
(b) तर्क I और II दोनों ही मजबूत नहीं हैं
(c) केवल तर्क II मजबूत है
(d) केवल तर्क I मजबूत है

**156. निम्नांकित रेखा-चित्र में, त्रिकोण उन लोगों की संख्या को दर्शाता है जो खिलाड़ी हैं, वृत्त उन लोगों की संख्या को दर्शाता है जिनमें टाइपराइटिंग कौशल है, वर्ग लोगों की संख्या को दर्शाता है जो स्नातक हैं, पंचभुज हिन्दी भाषियों की संख्या को दर्शाता है। उन लोगों की संख्या कितनी है जो केवल टाइपराइटिंग कौशल वाले स्नातक हैं?**




(a) 12 (b) 10 (c) 11 (d) 9

**157. उस विकल्प को चुनें जो दूसरों से भिन्न है।**



(a) (b) (c) (d)


**158. उस विकल्प को चुनें जो दूसरों से भिन्न है।**

(a) रसायन शास्त्र (b) भौतिकी(c) जीव विज्ञान (d) गणित

**159. शब्द PROBATIONARY के विषम स्थानों के अक्षरों से तीन या अधिक अक्षरों के कितने सार्थक शब्द बन सकते हैं?**

(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) चार से अधिक

**160. प्रश्नचित्र में दिखाई गई विधि के अनुरूप, एक कागज को मोड़ा और काटा जाता है। दिए गए विकल्प-चित्रों में से, उस विकल्प को चुनें जो कागज के खोले जाने के बाद के रूप स मिलता-जुलता है।**



(a) (b) (c) (d)

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (c) | 4. (d) | 5. (b) | 6. (d) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (c) | 10. (b) |
| 11. (a) | 12. (a) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (b) | 20. (c) |
| 21. (d) | 22. (b) | 23. (b) | 24. (b) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (a) | 28. (d) | 29. (c) | 30. (c) |
| 31. (b) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (a) | 35. (d) | 36. (a) | 37. (c) | 38. (c) | 39. (c) | 40. (b) |
| 41. (c) | 42. (d) | 43. (b) | 44. (a) | 45. (b) | 46. (a) | 47. (c) | 48. (b) | 49. (d) | 50. (a) |
| 51. (a) | 52. (d) | 53. (d) | 54. (c) | 55. (c) | 56. (d) | 57. (c) | 58. (b) | 59. (c) | 60. (d) |
| 61. (a) | 62. (c) | 63. (a) | 64. (d) | 65. (a) | 66. (c) | 67. (c) | 68. (d) | 69. (d) | 70. (b) |
| 71. (a) | 72. (d) | 73. (d) | 74. (b) | 75. (a) | 76. (c) | 77. (a) | 78. (a) | 79. (a) | 80. (a) |
| 81. (a) | 82. (b) | 83. (d) | 84. (d) | 85. (b) | 86. (b) | 87. (a) | 88. (c) | 89. (c) | 90. (a) |
| 91. (a) | 92. (a) | 93. (a) | 94. (d) | 95. (d) | 96. (b) | 97. (b) | 98. (a) | 99. (b) | 100. (a) |
| 101. (d) | 102. (a) | 103. (b) | 104. (c) | 105. (b) | 106. (a) | 107. (c) | 108. (a) | 109. (d) | 110. (c) |
| 111. (a) | 112. (c) | 113. (d) | 114. (a) | 115. (b) | 116. (c) | 117. (d) | 118. (c) | 119. (a) | 120. (b) |
| 121. (d) | 122. (b) | 123. (d) | 124. (d) | 125. (a) | 126. (b) | 127. (a) | 128. (a) | 129. (b) | 130. (b) |
| 131. (b) | 132. (c) | 133. (d) | 134. (d) | 135. (a) | 136. (b) | 137. (b) | 138. (a) | 139. (b) | 140. (a) |
| 141. (b) | 142. (c) | 143. (a) | 144. (d) | 145. (a) | 146. (b) | 147. (c) | 148. (a) | 149. (c) | 150. (b) |
| 151. (d) | 152. (b) | 153. (b) | 154. (a) | 155. (b) | 156. (b) | 157. (d) | 158. (d) | 159. (d) | 160. (c) |

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in